लोक सभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन की गोवा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर पर्रीकर को श्रद्धांजलि

आज देश की राजनीति ने अपना एक सितारा खो दिया : श्रीमती महाजन

इंदौर, 17 मार्च 2019 : लोक सभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने गोवा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर पर्रीकरजी के निधन के समाचार को अत्यंत व्यथित करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि मनोहरजी के ऊर्जावान, ईमानदार, कर्मठ व्यक्तित्व को सादगी, सच्चाई, सोच, संकल्प, सतत कार्यों के लिए हमेशा याद किए जाएगा। अपने सन्देश में उन्होंने आगे कहा कि "वें बीमारी की परवाह न करके अंतिम क्षण तक काम करने वाले व्यक्तित्व थे। उनकी पहचान एक अत्यंत ईमानदार, कर्मठ, सोच और इरादों से संकल्पित नेतृत्व वाली थी। आज गोवा और देश ने आज एक सितारा खो दिया। जब मनोहर जी मुंबई के निजी अस्पताल में भर्ती थे, तो मैं उनसे मिलने गई थी। तब गंभीर बीमारी से लड़ते समय भी देश के लिए काम करते रहने की इच्छाशक्ति उन्होंने व्यक्त की थी। गोवा के मुख्यमंत्री, देश के पूर्व रक्षामंत्री को हम हमेशा याद रखेंगे। ईश्वर से उनके लिए, परिजनों के लिए हृदय से प्रार्थना।"